भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1279
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण

1279. श्री जसबीर सिंह गिल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस-2) के उद्देश्यों और समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;
(ख) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 और एनएमएचएस-2 के कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली में अंतर क्या है; और
(ग) विभाग से संबंधित स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति द्वारा 148वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिश के अनुसार एनएमएचएस-2 में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो.एस.पी.सिंह बघेल)

(क): राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2 (एनएमएचएस 2) के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

i. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए भार प्राक्कलन का ब्यौरा तैयार करना और प्रतिनिधि आबादी में प्राथमिकता प्राप्त मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के राष्ट्रीय प्राक्कलन का ब्यौरा तैयार करना,
ii. विकलांगता, बीमारी के व्यक्तिगत और पारिवारिक बोझ सहित सामाजिक-आर्थिक प्रभाव, परिचर्या के परिप्रेक्ष्य और सेवोपयोगिता प्रतिमान की पहचान करना।
iii. कोविड-19 के प्रभाव का आकलन करने सहित कमजोर और/या विशेष आबादी के संबंध में मानसिक विकार/बीमारी की विशेषता बताना।
iv. मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या के लिए स्वास्थ्य प्रणाली मूल्यांकन और संसाधन के प्रतिचित्रण का संचालन करना।

(ख) और (ग): राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2 में सुधार के लिए किए गए कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली, जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति के संबंधित विभाग की 148वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के अनुरूप है, उक्त सिफारिश में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. एनएमएचएस 2 का कवरेज सभी राज्यों (28) और संघ राज्य क्षेत्रों (8) में है, जबकि एनएमएचएस-I में 12 राज्य, अर्थात् केरल, तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, उत्तर

प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम और मणिपुर को कवर किया गया है।

ii. एनएमएचएस में 2 सभी राज्यों में किशोर आयु वर्ग (13 से 17 वर्ष) तथा 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वयस्कों के आयु वर्ग को कवर किया गया है, जबकि एनएमएचएस-I में 4 राज्यों में किशोर आयु वर्ग को कवर किया गया।

iii. एनएमएचएस 2 जांच के मूल लक्ष्य को मानसिक बीमारी की स्थिति संबंधी जन स्वास्थ्य प्राथमिकता के लिए विस्तारित किया गया है, जिसमें बच्चों और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य, प्रवासन, जलवायु परिवर्तन, जनजातीय आबादी के बीच मानसिक स्वास्थ्य और आपदाओं के दौरान मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या जैसी कमजोर आबादी से संबंधित विषयगत अध्ययन शामिल हैं।

*****